दूरभाष–2286709
2286711
राज्य नगरीय विकास अभिकरण उ0प्र0 लखनऊ
नवचेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग, लखनऊ– 226001

पत्रांकः– 4296/ 64/दस/आसरा/विविध–5 दिनांक– 08/12/2016

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0 ।

विषयः– **माo मुख्यमंत्री, उ0प्र0 एवं मा0 मंत्री नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग द्वारा दिनांक–17.12.2016 को शहरी गरीबों के लिये अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों तथा नगरीय मलिन बस्तियों में आसरा योजना एवं ई–रिक्शा के लाभार्थियों को आवंटन पत्र वितरित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया सचिव, नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 एवं मा0 मंत्री नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में संशोधन करते हुए दिनांक–12.12.2016 के स्थान पर दिनांक– 17.12.2016 (दिन शनिवार) को कार्यक्रम स्थल मार्स हाल, इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर लखनऊ में आसरा आवासीय योजना एवं ई–रिक्शा के चयनित लाभार्थियों को आबंटन पत्र मा0 मुख्यमंत्री के द्वारा वितरित किया जाना निर्धारित हुआ है।

राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल मोटर/बैटरी चालित ई–रिक्शा योजना के अन्तर्गत **निम्नानुसार जनपदों के** ऐसे पात्र लाभार्थी जिनका शासनादेश संख्या 1639/69–1–2016–14(90)/2016 दिनांक 17.8.2016 के निर्देशानुसार सम्बन्धित मण्डल के मण्डलायुक्त स्तर से लाभार्थियों की प्रमाणिकता की पुष्टि की जा चुकी हो, को ई–रिक्शों का वितरण किया जाना प्रस्तावित है। मा0 मुख्यमंत्री जी के करकमलों द्वारा दिनांक 17.12.2016 को निम्न जनपदों के लाभार्थियों को मोटर/बैटरी चालित ई–रिक्शा का वितरण किया जाना हैः–
1. मऊ 2. बलिया 3. बस्ती 4. संतकबीरनगर 5. सिद्धार्थनगर 6. देवरिया 7. कुशीनगर 8. महराजगंज 9. अम्बेडकरनगर 10. अमेठी 11. सुल्तानपुर 12. मथुरा 13. एटा 14. अलीगढ़ 15. हाथरस 16. कासगंज 17. गोरखपुर 18. आगरा 19. वाराणसी 20. शाहजहॉपुर 21. फर्रुखाबाद 22. पीलीभीत 23. गाजियाबाद 24. गौतमबुद्वनगर 25. हापुड 26. शामली 27. आजमगढ़.

इसी प्रकार जिन जनपदों में आसरा योजना संचालित है एवं उपर्युक्त जनपद जिनमें ई–रिक्शा बॉटा जाना है, दोनों योजनाओं को सम्मिलित करते हुये कुल 5 लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर लाया जाना है।

तत्क्रम में चयनित लाभार्थियों की सूची को ई–मेल एवं हार्ड कापी में सूडा मुख्यालय को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें, साथ ही साथ यह अनुरोध है कि आसरा योजना व ई–रिक्शा के चयनित लाभार्थियों को उपरोक्तानुसार आवंटन पत्र सहित सहायक परियोजना अधिकारी/परियोजना अधिकारी और सिटी मिशन मैनेजर (एन0यू0एल0एम0) को कार्यक्रम स्थल पर दिनांक–17.12.2016 को प्रातः 09:00 बजे उपस्थित होने के लिये निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शैलेन्द्र कुमार सिहं)
निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।
प्रतिलिपिः–

1. सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त परियोजना निदेशक डूडा, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित है कि उपरोक्त कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
3. समस्त परियोजना अधिकारी डूडा, उ0प्र0 को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।
4. श्री योगेश आदित्य, सहा0 परि0 अधि0/बेव मास्टर सूडा लखनऊ।

(शैलेन्द्र कुमार सिहं)
निदेशक